हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 11 मई 2025

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

12 रूक्मिणी-कृष्ण विवाह : श्रद्धालुओं ने बाजे-गाजे...


12 मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने किया सीता नवमी का आयोजन




## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** एनएच-53 से सिरको जाने वाले रोड पर एक व्यक्ति से महुआ शराब जब्त किया गया है। बसना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर एनएच 53 रोड से सिरको जाने के रोड किनारे आरोपी राकेश ताण्डी पिता नरेंद्र तांडी (39 साल) सिरको के कब्जे से करीबन 10 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया गया है। मामले आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### चौथिया गए लोगों के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चितमखार में चौथिया आए लोगों के साथ मारपीट किए जाने के मामले में खल्लारी थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मोहन निवासी वार्ड नंबर 01 बनकापारा खरियार रोड जिला नुआपड़ा ओडिशा ने बताया कि 8 मई को अपनी बहन रेखा पटेल की शादी में चौथिया खरियार रोड से 80 से 90 लोगों के साथ ग्राम चितमखार खल्लारी आया था। रात्रि करीबन 8 बजे लुपेश नंद के घर के सामने ग्राम चितमखार में खाना खाने के समय लाइट बंद होने से टीकम साहू एवं उसके अन्य साथी के द्वारा गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं लाठी से मारपीट किया। जिससे उसके सिर में, कमलेश पटेल के सिर में, टिकेश्वर चौहान के दोनों भुजा में, नीरा पटेल के हाथ एवं सीने में, विमला पटेल के बायें हाथ की कलाई में एवं राजकुमार पटेल के बायें पैर एवं सिर में चोट आई है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 60 हजार का गांजा जब्त

**महासमुंद।** बस में सवार एक यात्री से पुलिस ने भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। ओड़ीशा से रायपुर की ओर जा रही बस में पटेवा पुलिस ने बस में एक युवक 60 हजार रुपए का 4 किलो गांजा ले जाते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिस पर पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।
पटेवा पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी 8 मई की रात बौद्ध ओडिशा से रायपुर छत्तीसगढ़ आने वाली लक्ष्मी बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0272 में एक व्यक्ति सवार होकर अपने बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर आ रहा है। कुछ समय बाद आई बस को रोक कर बस में सवार संदिग्ध व्यक्ति को बैग सहित नीचे उतारा गया और जिसने पूछताछ में उसने अपना नाम पवन जैन पिता स्व. रमेशचंद जैन (42 वर्ष) निवासी पठानी मोहल्ला मस्जिद के पास बौद्ध थाना व जिला बौद्ध (ओडिशा) का रहने वाला बताया। बैग में गांजा होना बताया तथा उक्त गांजा को बौद्ध ओडिस से रायपुर छत्तीसगढ़ ले जाना बताया।

### निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**धमतरी।** निषाद समाज का प्रदेशस्तरीय वार्षिक सम्मेलन एवं आदर्श विवाह तथा सम्मान समारोह का आयोजन 11 मई रविवार को ग्राम फुंडहर खेल मैदान रायपुर में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री व राज भूषण चौधरी केंद्रीय जनशक्ति राज्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता कुंवर सिंह निषाद प्रदेशाध्यक्ष निषाद समाज व एमआर निषाद प्रदेश अध्यक्ष मछुआ महासंघ करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी राजवाड़े महिला एवं बाल विकास मंत्री, बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, नेहरू राम निषाद अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, राजाराम कश्यप, मार्तण्ड सिंह मांझी, नीरज कश्यप होंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष चंदूलाल निषाद, महासचिव नारायणलाल निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए लगा शिविर, 33 वाहन मालिकों ने कराया पंजीयन

## नेशनल लोक अदालत में परिवहन विभाग ने किया शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देशानुसार अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (HSRP) अनिवार्य रूप से लगाए जाने हैं। इसी क्रम में जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर परिवहन विभाग (RTO) द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 33 वाहन मालिकों ने अपने वाहनों के लिए HSRP हेतु पंजीयन कराया, जिनमें 29 दोपहिया और 4 चारपहिया वाहन शामिल हैं। हालांकि इस दौरान सर्वर डाउन की समस्या सामने आई, जिससे कुछ लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि नंबर प्लेट लगाने की इस प्रक्रिया के लिए शासन द्वारा रोजमेरटा टेक्नोलॉजिस लिमिटेड रायपुर कंपनी को अधिकृत किया गया है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट शिविरों का आयोजन जिला परिवहन कार्यालय बलौदाबाजार में नियमित रूप से किया जा रहा है।

इनके अतिरिक्त बलौदाबाजार स्थित आरटीओ कार्यालय में प्रतिदिन HSRP पंजीयन एवं फिटमेंट की प्रक्रिया जारी है। वाहन मालिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समयावधि में अपने वाहन की नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगवाएं।






### आगामी शिविर की तिथियां

8 मई से 7 जून : आस्था कम्प्यूटर, महारानी चौक, एफसीआई गोदाम के सामने, भाटापारा, 12, 13 एवं 14 मई: जनपद पंचायत कार्यालय, पलारी 15, 16 एवं 17 मई: जनपद पंचायत कार्यालय, कसडोल।

## भोथीडीह में लगा समाधान शिविर, कई प्रकरणों का निराकरण

# सुशासन तिहार में भू-राजस्व प्रकरणों का निराकरण, सुधारी गई त्रुटि, दी ऋण पुस्तिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत शुक्रवार को भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत भोथीडीह में लोक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक चला, जिसमें प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर मौके पर त्रुटि सुधार कर बी-1, फौती नामांतरण कर बी-1 की नकल सहित किसान पुस्तिका का वितरण भी किया गया।

उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत भोथीडीह में लोक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत गुड़ाघाट, खपरी स, कोनी, भोथीडीह, मोपकी, निपनिया, पथरिया और सिलवा के ग्रामवासी शामिल हुए।समाधान शिविर में आए आवेदनों का निपटारा तहसीलदार प्रेमा मिंज ने करते हुए मौके पर ही फौती नामांतरण कर बी-1 की नकल, त्रुटि सुधार कर बी-1 की नकल, सीमांकन की प्रतिलिपि सहित

किसानों को किसान पुस्तिका का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सभी विभाग के विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे और प्राप्त आवेदनो का निराकरण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी




### प्रदेश सरकार का सुशासन पारदर्शिता और को समर्पित




**पलारी।** ग्राम पंचायत दतान प में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर योगेश चंद्राकर उपस्थित थे। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सुशासन तिहार 2025 का तीसरा चरण 5 से 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह समाधान शिविर छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन, पारदर्शिता और जनसंवाद को समर्पित है। पूरे प्रदेश में समाधान शिविरों की शुरुआत आज से हुई है जहां जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष सविता भीम यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव की सरकार आम जन से मिलने और उसके समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सुशासन तिहार के तीसरे चरण समाधान शिविर का आयोजन कर रही है। आज इसी परिपेक्ष में ग्राम पंचायत कुसमी को 10 पंचायत का कलस्टर बना कर विकासखंड पलारी का द्वितीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कलस्टर में ग्राम पंचायत दतान प, गातापार, गितकेरा, घिरघोल, औरासी, सरसेनी, चुचरूंगपुर, गुमा, सैहा एवं बेल्हा शामिल है। यह शिविर छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में मिल का पत्थर साबित होगा।शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विभाग के संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित हुए एवं अपने विभाग में चल रहे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बारी बारी से आमजन के बीच रखे। कार्यक्रम पर कृषि विभाग द्वारा बीज एवं

# जिला प्रशासन ने रोका बाल विवाह, हेल्पलाइन पर सूचना मिलते ही की तत्काल कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाए जाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सतत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर मिली सूचना के आधार पर एक संभावित बाल विवाह को समय रहते रोका गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा विकासखंड के ग्राम सिंगारपुर में एक नाबालिग बालक का विवाह शनिवार को होने जा रहा था। सूचना मिलते ही जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेन्द्र जाटवर के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई, एकीकृत बाल विकास परियोजना भाटापारा तथा निपनिया पुलिस चौकी की संयुक्त टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची।

जांच के दौरान परिजनों से विवाह योग्य आयु के दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। परिवार में एक साथ भाई-बहन के दो विवाह आयोजित किए जा रहे थे। दस्तावेजों के परीक्षण में पाया गया कि लड़के की आयु 20 वर्ष तथा लड़की की आयु 18 वर्ष है। वहीं, बहेरा (जिला बेमेतरा) से आ रहे वर की उम्र के संबंध में प्राप्त व्हाट्सएप दस्तावेजों में उसकी उम्र 20 वर्ष 6 माह पाई गई।

इस दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बताया कि 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के और 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के विवाह पर दो वर्ष की सजा तथा एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। साथ ही विवाह में सहयोग देने ▸▸ शेष पेज 11 पर

# लापरवाही बरतने पर सहायक उप निरीक्षक लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा शुक्रवारको थाना गिधपुरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक प्रकरण की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि सहायक उप निरीक्षक रमेश कुमार मिश्रा द्वारा विवेचना में गंभीर लापरवाही बरती गई है। जब उनसे संबंधित जानकारी मांगी गई तो वह संतोषजनक जवाब देने में असफल रहे।




प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती गुप्ता द्वारा सहायक उप निरीक्षक रमेश कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक के लिए थाना गिधपुरी से रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में स्थानांतरित कर लाइन अटैच किया गया है।

# शिक्षक के रिक्त पदों के लिए अनुपात पर कराएं काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक के 2300 से अधिक रिक्त पदों पर छठवें चरण की काउंसिलिंग 1:2 अनुपात में कराये जाने जिले के समस्त डी.एड अभ्यर्थी विधायक इंद्र साव से सौजन्य मुलाकात कर अपने मांगों को लेकर पत्र सौंपे। मुलाकात के दौरान डीएड अभ्यर्थियों द्वारा विधायक श्री साव को अवगत कराया गया कि, पूर्व में विज्ञापित सहायक शिक्षक के 6285 पदों नियुक्ति की कार्यवाही उपरांत पांचवें चरण की काउंसिलिंग व नियुक्ति उपरांत 3979 पदों पर नियुक्ति हुई है और 2300 से अधिक लगभग 40 प्रतिशत पद अभी भी रिक्त है।

- मांगों को लेकर विधायक इंद्र साव से मिले डी.एड अभ्यर्थी



उक्त पदों को प्रक्रिया के तहत नियमानुसार 1 जुलाई तक पूर्ण किये जाने हेतु समय निर्धारित है। भर्ती प्रक्रिया के दौरान न्यायालयीन प्रकरणों के चलते रोक लगने के कारण पूर्व के 984 पदों पर भर्ती की जाना शेष है एवं पंचम चरण के 2621 पदों के विरूद्ध काउंसिलिंग उपरांत 1299 पद ही भरे गये हैं। जबकि 1316 अभी तक बचे हुए हैं। इस प्रकार शेष 984 पद एवं पांचवें काउंसिलिंग उपरांत बचे रिक्त पदों को मिलाकर कुल 2301 पद बचे हुए हैं। उक्त पदों पर लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. के पत्र दिनांक 24 अप्रैल के तहत सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत सहायक शिक्षक पद की छठवें चरण की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। अभ्यर्थियों ने मुख्य रूप से विधायक को बताया कि पूर्व भर्ती प्रक्रिया के तहत मेरिट सूची से अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में 1:1 (अनुपात) में बुलाया जाती है, किन्तु मेरिट सूची सत्यापित सूची नहीं होने के कारण काउंसिलिंग में ▸▸ शेष पेज 11 पर

## पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा

# पहली में प्रवेश के लिए आत्मानंद में निकाली गई लाटरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिमगा में शासन के उत्कृष्ट योजना के तहत कक्षा पहली के लिए आवेदन मंगाया गया था। जिसे स्कूटनी कर दावा आपत्ती के बाद पात्र सूची को चस्पा किया गया। शनिवार को विद्यालय परिसर में लॉटरी का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि 50 प्रतिशत कन्याओं के लिए आरक्षित है तथा 25 प्रतिशत बीपीएल कन्या एवं बालक के लिए आरक्षित है।

23 प्रतिशत ओपन कन्या एवं बालकों के लिए आरक्षित है तथा 2 प्रतिशत मातृ दुलार योजना के तहत प्रवेश होता है। लॉटरी में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जीएस ठाकुर, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा संस्था के शिक्षक अभिरूप पांडे, तापस राय, विकास शर्मा, नीलम केसरवानी, योगेश निषाद, तारेन्द्र टंडन, अमृतांश सोनी, दीपिका साहू, मनीष चौहान, रामबाबू यादव, कौशल पटेल, अनिल कुमार साहू, जागेश्वर सेन, हितेश साहू, रूबी तिवारी, शालिनी शुक्ला, एकासना साहू, अनुरिका सिंह, सौम्या शर्मा, आदि शिक्षक गण उपस्थित थे। प्राचार्य ने बताया कि हमारे विद्यालय से दसवीं कक्षा के मेरिट सूची में लिव्यांश देवांगन ने 99 प्रतिशत एवं कंचन बाला गेंन्ड्रे ने 98.33 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। यह हमारे विद्यालय और सिमगा शहर के लिए गौरव की बात है। हमारे विद्यालय का पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा।



### आत्मानंद में लाटरी से हुआ बच्चों का चयन

**बलौदाबाजार।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शनिवार को शिक्षा के अधिकार (**RTE**) अधिनियम के अंतर्गत कक्षा एलकेजी एवं कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लाटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया गया। यह प्रक्रिया पालकों की उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई।लाटरी प्रक्रिया के दौरान स्वयं बच्चों ने अपने हाथों से लाटरी निकालकर चयन को सफल बनाया। कक्षा एलकेजी के लिए 20 एवं कक्षा पहली के लिए 30 बच्चों का चयन किया गया। चयन की पारदर्शी प्रक्रिया से पालकों ने संतुष्टि जाहिर की। प्राचार्य ऋतु शुक्ला ने बताया कि चयन समिति में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, समिति सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे। चयनित बच्चों के पालकों को 13 से 20 मई तक आवश्यक दस्तावेज विद्यालय में प्रस्तुत कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर चयन निरस्त माना जाएगा तथा वेटिंग सूची के बच्चों को नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा।

# नवविवाहित जोड़े को पौधा भेंट



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

अंचल में पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो, टीम की अनूठी पहल की अंचलवासी प्रशंसा कर रहे हैं। टीम के सदस्य अंचल में सक्रीय हैं, जो पर्यावरण के लिए समर्पित है और लोगों को जागरूक करते हैं। टीम के सदस्यों ने नवविवाहित जोड़े को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का संदेश दिया। टीम में पवन कुमार जायसवाल, मनमोहन दास वैष्णव, लक्ष्मण कुमार वर्मा, गोविंद वर्मा, कपिल कश्यप, विनय कश्यप, अशोक साहू आदी शामिल हैं।

# दो माह बाद भी नहीं बनी मंडलों की कार्यकारिणी, जिलों की भी अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में बीते दो माह से मंडलों की नई कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। मंडलों के कारण जिलों की कार्यकारिणी भी अटक गई है। मंडलों में कार्यकारिणी बनाने की कवायद चल रही है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी न बन पाने के कारण जिलों की कार्यकारिणी को लेकर कवायद प्रारंभ नहीं हो सकी है। सभी मंडलों की कार्यकारिणी का ऐलान होने के बाद भी जिलों की कार्यकारिणी बनेगी।

रायपुर शहर जिलों में भी 16 मंडलों की कार्यकारिणी फाइनल हो सकी है, लेकिन इसका ऐलान अभी बाकी है।भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया, इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

- 30 फीसदी में बन सकी है नई टीम, बचे 70 फीसदी में इस माह बन पाने की संभावना भी कम



## पहले मंडल, फिर जिलों का नंबर

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। पहले इसकी डेडलाइन 10 मार्च रखी गई, इसके बाद इसको 20 मार्च किया गया, लेकिन पूरा मार्च महीना निकलने के बाद भी कार्यकारिणी नहीं बनी तो फिर अप्रैल में समय दिया गया। अप्रैल भी पूरा समाप्त होने के बाद इसके लिए मई में समय तय किया गया है। मई में भी दूसरा सप्ताह प्रारंभ हो गया है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी पूरी नहीं हो सकी है। जानकारों के मुताबिक, मुश्किल से 30 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी ही बन सकी है। बचे 70 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी के इस माह के अंत तक भी बनने की संभावना कम है। ऐसे में जिलों की कार्यकारिणी का भी इस माह बन पाना संभव नहीं लग रहा है। जिलों की कार्यकारिणी के बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी, ऐसे में प्रदेश की कार्यकारिणी भी अटक सकती है। वैसे भी प्रदेश की कार्यकारिणी के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का भी इंतजार है।

## खबर संक्षेप



### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर 20 यूनिट रक्त संग्रहित

**रायपुर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने 20 यूनिट रक्त संग्रहित किया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में शिविर का आयोजन किया गया था। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमा पैंकरा, जिला रेडक्रॉस के चेयरमैन राजू शर्मा, वाइस चेयरमैन डॉ. प्रीति नारायण, कोषाध्यक्ष पल्लवी नितिन पाण्डेय, प्रबंध समिति सदस्य डॉ. श्वेता सोनवानी, रेडक्रॉस ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. एसएन पाण्डेय, प्रबंध समिति के सदस्य गजेंद्र डोंगरे शामिल रहे। इस दौरान डॉ. पाण्डेय ने लोगों को रक्त, नेत्र, अंग एवं देहदान की महत्ता के बारे में जानकारी दी।

### कांदूल-गोबरा नवापारा में लगा समाधान शिविर



**रायपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम कांदूल और गोबरा नवापारा में समाधान शिविर लगाया गया। इस शिविर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजनों को लाभ मिल रहा है, उनकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। शिविर को रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे। शिविर में आए आवेदनों का निराकरण करते हुए कई लोगों को मौके पर किसान किताब, उद्यानिकी विभाग की ओर से किसानों को मिनी किट और स्थानीय निवासियों को नया राशन कार्ड प्रदान किया गया। सांसद ने इस दौरान लाईब्रेरी के फर्नीचर के लिए 5 लाख रुपए, बसस्टैंड के लिए 5 लाख, सरस्वती शिशु मंदिर में सभागार के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपए और विधायक निधि से 10 लाख रुपए, नदी सफाई के 50 लाख रुपए और मनरेगा से तटबंध किनारे सड़क निर्माण की घोषणा की।

### सड़कों पर चलाया टीम प्रहरी अभियान



**रायपुर।** टीम प्रहरी अभियान के तहत शुक्रवार को नगर निगम के उड़न दस्ता टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में सड़क कब्जा मुक्त अभियान चलाया। इसके तहत कहीं अवैध ठेला-गुमटियों को हटाया गया तो कहीं दुकान के सामान जब्त भी किए। जीई मार्ग पर आजाद चौक के पास सिंघ साइकल स्टोर के खिलाफ कार्रवाई कर सड़क तक रखी साइकिलों को जब्ती बनाया गया। इसी प्रकार नगर निवेश विभाग ने अवंति बाई लोधी चौक के पास मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से लगी दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। महाराजा अग्रसेन चौक से आमापारा चौक होकर आश्रम चौक तक मुख्य मार्गों पर लगी कई अस्थाई अवैध दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से जीईमार्ग पर आजाद चौक तक, सरोना क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर भी बैनर-पोस्टर जब्ती से लेकर अन्य कब्जा मुक्त अभियान चलाया गया।

### छग में स्वास्थ्य क्षेत्र को मिले उद्योग का दर्जा : डॉ. गुप्ता

**रायपुर।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) ने प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र को उद्योग का दर्जा दिए जाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता और महासचिव अतुल सिंघानिया द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ में निजी क्षेत्र में अस्पताल और नर्सिंग होम मिलाकर 900 से ज्यादा स्वास्थ्य प्रदाता संस्थाएं संचालित हैं।

### खरीफ-रबी 2025-26 के लिए भी 60:40 का ऋण

# सोसाइटी से नहीं मिलता कीटनाशक, नकद ऋण की सीमा 70 प्रतिशत करने की अनुशंसा नहीं मानी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में किसानों को खेती के लिए मिलने वाले ऋण में 60 प्रतिशत नकद और 40 प्रतिशत की सामग्री यानी खाद-बीज मिलता है, लेकिन इस ऋण नीति से किसानों को आपत्ति है। दरअसल किसानों को खाद बीज के साथ खेतों के लिए कीटनाशक भी खरीदना होता है। यह सोसाइटियों से नहीं मिलता। किसान कीटनाशक खुले बाजार से नकद ऋण की राशि से खरीदी करते हैं। इस मामले को लेकर पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने नकद ऋण 70 प्रतिशत और सामग्री 30 प्रतिशत सामग्री के रूप में देने की सिफारिश छह साल पहले की गई थी, लेकिन इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### ये है किसानों की परेशानी

इस मामले को लेकर किसानों की परेशानी ये है कि उन्हें नकद के रूप में मिली ऋण राशि से खुले बाजार से कीटनाशक खरीदना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि इसकी वजह से कृषि कार्य प्रभावित होते हैं। सहकारी क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि इस व्यवस्था के कारण सहकारी बैंकों के व्यावसाय पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लिहाजा अब मांग की जा रही है कि खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए नकद ऋण 70 प्रतिशत व 30 प्रतिशत सामग्री दी जाए।

### नकद में खुले बाजार से खरीदना पड़ता है कीटनाशक



### छह साल पहले उठा था मामला

किसानों को नकद ऋण और सामाग्री 60:40 के अनुपात में दिए जाने और इसे बदलकर 70:30 करने को लेकर किसान मजदूर संघ के संयोजक ललित चंद्रनाहू ने 2018 में पंजीयक सहकारी संस्थाएं को पत्र लिखा था। पंजीयक ने इस संबंध में जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों, प्राथमिक साख समितियों के द्वारा किसानों को दिए जाने वाले मध्यम कालीन और अल्पकालीन ऋण की अधिकतम सीमा पांच लाख रुपए में वृद्धि करने और नगद ऋण 70 प्रतिशत सामाग्री ऋण 30 प्रतिशत करने के लिए सचिव सहकारिता विभाग को पत्र लिखकर अनुरोध किया था। इसके बाद स्मरण पत्र भी भेजा गया, लेकिन जिला सहकारी बैंकों ने यह बदलाव नहीं किया। 2025-26 के लिए खरीफ और रबी फसलों के लिए 60 प्रतिशत नकद और 40 प्रतिशत ऋण की व्यवस्था रखी गई है।

### सोसाइटियों में क्यों नहीं बिकता कीटनाशक

राज्य की सभी सोसायटियों में किसानों को 40 प्रतिशत ऋण राशि के अंतर्गत बीज और खाद मिलती है, लेकिन सोसाइटियों में कीटनाशक उपलब्ध नहीं होते। इस संबंध में बताया गया है कि सोसाइटियों को कीटनाशक बेचने की अनुमति नहीं है। दरअसल कीटनाशक बेचने के लिए जिस लाइसेंस की पात्रता होती है, वह सोसाइटियों के पास नहीं होती है।

### किस फसल के लिए कितना ऋण

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर ने 2025-26 के लिए खरीफ,रबी, उद्यानिकी,और आर्गेनिक खेती के लिए अधिसूचित फसलों के लिए ऋणमान स्वीकृत किया है। इसके हिसाब से प्रति हेक्टेयर दर 60:40 के हिसाब से इस प्रकार रखी गई है। सिंचित धान 60 हजार, असिंचित 45 हजार, मूंगफल्ली 47 हजार, सोयाबीन 44 हजार, अरहर-तूअर 42 हजार, उड़द 25 हजार, मूंग 25 हजार मक्का 46 हजार रुपए।

### जून तक काम करें पूर्ण

# कचरा रेमीडिएशन के धीमे कार्य पर मूणत सख्त, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर के सरोना क्षेत्र में चल रहे कचरा रेमीडिएशन कार्य का निरीक्षण किया।

- भाजपा विधायक राजेश मूणत ने सरोना क्षेत्र में चल रहे कचरा रेमीडिएशन कार्य का किया निरीक्षण

इस दौरान उन्होंने यहां धीमी गति से चल रहे कार्य पर नाराजगी जताते हुए निगम के अधिकारियों तथा संबंधित ठेकेदार को कड़े निर्देश कि 30 जून तक किसी भी हाल में कार्य पूर्ण होना चाहिए, ताकि आगामी बारिश के सीजन में यहां पौधारोपण अभियान शुरू किया जा सके।

राजेश मूणत ने कहा कि कचरा रेमीडिएशन कार्य राजधानी के पर्यावरणीय संतुलन और नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील मामला है। उन्होंने निर्देश दिया कि अतिरिक्त मशीनें व संसाधन लगाकर कार्य की गति बढ़ाई जाए, ताकि समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। इस अवसर पर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़, राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, निगम आयुक्त विश्वदीप, संत रविदास वार्ड के पार्षद अर्जुन यादव, एमआईसी सदस्य प्रतिनिधि सुनील चंद्राकर, अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित कार्यकारी एजेंसी हील ब्रो मेटेलिक प्रा. लि. के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# पेवर बेस वर्क में गड़बड़ी, 4 इंच की जगह कहीं दो तो कहीं डेढ़ इंच मिली मोटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कई जोन क्षेत्रों में पेवर का कार्य चल रहा है। इस कार्य का ठेका अम्बे रियल इंफा कंपनी को दिया गया है। कंपनी द्वारा कराए जा रहे पेवर कार्य के बेस वर्क में गड़बड़ी मिली है। अनुबंध के अनुसार बेस वर्क की मोटाई चार इंच किया जाना था, लेकिन कंपनी अधिक कमाई के लालच में कहीं दो इंच तो कहीं डेढ़ इंच की मोटाई का बेस बनवा रही है। इस कारण इस कंपनी का अनुबंध निरस्त कर उसे ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए गए हैं।

**ठेका कंपनी अम्बे रियल इंफा का अनुबंध निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश**

### एक करोड़ का ठेका

अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के विभिन्न जोन क्षेत्रों में पेवर कार्य के लिए अम्बे रियल इंफा कंपनी को लगभग एक करोड़ रुपए का ठेका मिला है। कंपनी ने अब तक कितना कार्य किया है तथा इस काम के लिए अब तक कितनी राशि का भुगतान किया गया है, इसकी जानकारी विभाग से मिल नहीं पाई है। सूत्रों की मानें, तो अगर कंपनी का ठेका निरस्त होगा, तो जितना कार्य शेष बचा है, उसके लिए दोबारा टेंडर निकाला जाएगा।

### शिकायतों की जांच पर कार्रवाई के निर्देश

शहर के कई जोन क्षेत्रों में पेवर लगाने के लिए अम्बे रियल इंफा कंपनी को ठेका दिया गया है। इस कंपनी के खिलाफ निगम मुख्यालय से लेकर जोन कार्यालयों में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि ठेकेदार द्वारा पेपर कार्य में गड़बड़ी की जा रही है और बेस वर्क की मोटाई चार इंच की जगह दो इंच से कम लगाया जा रहा है। इन शिकायतों के आधार पर निगम लोककर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक जायसवाल, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा ने कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर एवं उपअभियंता अर्जिता दीवान की उपस्थिति में नेताजी सुभाष स्टेडियम के सामने निर्माणधीन पेवर कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान अभियंताओं ने बेस वर्क की मोटाई की जांच भी की। इस जांच में बेस वर्क की मोटाई कहीं दो इंच तो कहीं डेढ़ इंच पाई गई। इस तरह ठेकेदार के खिलाफ मिली शिकायतें सही पाई गईं, जिसके आधार पर दीपक जायसवाल और मनोज वर्मा ने अधिकारियों को न केवल कंपनी से हुआ अनुबंध निरस्त करने के लिए कहा, बल्कि कंपनी के नाम को ब्लैक लिस्ट में डालने के भी निर्देश दिए।

# भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस की तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमला का मुंहतोड़ जवाब देते हुए आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया। सेना ने जो शौर्य, साहस और वीरता का परिचय दिया है, उसको देखते हुए प्रदेश कांग्रेस ने भारतीय सेना के सम्मान में राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी चौक कालीबाड़ी से जयस्तंभ चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली और सेना को सलामी दी। तिरंगा यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव द्वय जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता का जयकारा लगाते हुए पदयात्रा की।

दीपक बैज ने कहा, तिरंगा यात्रा देश के मान और सम्मान, देश की एकता भाईचारा, एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए है। वर्तमान में हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। भारत की सेना पाक के आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दे रही है, इसके लिए कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ खड़ी है। साथ ही सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए एकता, वीरता और उनके शौर्य के सम्मान में कांग्रेस पार्टी ने तिरंगा यात्रा निकाली। भारतीय सेना आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। आतंकवाद को जड़ सहित समाप्त करने के लिए आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त कर रही है।

तिरंगा यात्रा में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, सांसद ज्योत्सना महंत, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, विधायक कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायकगण अमितेष शुक्ल, अरूण वोरा, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, अनिता शर्मा, विनय जायसवाल, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी, कन्हैया अग्रवाल, दीपक मिश्रा, सकलेन कामदार, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, पूर्णचंद पाढ़ी, महापौर नंदलाल देवांगन, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा, शिवसिंह ठाकुर, आकाश तिवारी, अमित शर्मा, मो. सिद्दीक, सुनील कुकरेजा, उषा रज्जन श्रीवास्तव, नवीन चंद्राकर, अशोक ठाकुर, दीपा बग्गा, प्रशांत ठेंगड़ी, दाउलाल साहू, बंशी कन्नौजे, श्रीनिवास राव, संगीता दुबे, डॉ. करूण कुर्रे, अनुभव शुक्ला, दिनेश तिवारी, योगेश तिवारी, कुमकुम झा सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### दीपक बैज बोले- कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ खड़ी है



### स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया की समीक्षा बैठक, कमी दूर करने का मिला आश्वासन

# मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की कमी, भर्ती, प्रमोशन और नियमितीकरण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिकित्सा शिक्षकों की कमी से जूझ रहे मेडिकल कालेजों की समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके साथ यहां रिक्त पदों पर भर्ती, प्रमोशन और नियमितीकरण की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा शिक्षा पर जोर दिया गया। बैठक में विभिन्न तरह के दस बिंदुओं पर चर्चा की गई।

स्वास्थ्य भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर में हुई इस बैठक में दुर्ग स्थित शासकीय मेडिकल कालेज में करीब 80 फीसदी फैकल्टी की कमी है। इसके अलावा महासमुंद, कांकेर, कोरबा जैसे मेडिकल कालेज भी चिकित्सा शिक्षकों की समस्या से जूझ रहे हैं। इसकी वजह से उनकी मान्यता भी खतरे में आ जाती है। जिन कालेजों में संविदा शिक्षक है उनका सालों बाद भी नियमितिकरण नहीं हुआ है और ना नियमित शिक्षकों को प्रमोशन का लाभ मिला है। चिकित्सा विशेषज्ञों की सीधी भर्ती भी काफी समय से अटकी हुई है। इन समस्याओं के बारे में जानकारी लेने के बाद स्वास्थ्य सचिव ने समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा बैठक में सेवाओं की गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता तथा सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए बैठक में 10 प्रमुख एजेंडों पर चर्चा की गई। अफसरों को निर्देशित किया गया है कि संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना को सर्वोपरि रखते हुए उन्नत चिकित्सकीय सुविधा सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में आयुक्त चिकित्सा शिक्षा शिखा राजपूत तिवारी, संचालक डॉ. यूएस पैकरा, अतिरिक्त संचालक डॉ. पुनीत गुप्ता सहित समस्त अधिष्ठाता, संयुक्त संचालक, अधीक्षक एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के अधीक्षक उपस्थित थे।



### कई कालेजों में अतिरिक्त पोस्टिंग

प्रदेश के कई कालेजों में फैकल्टी की समस्या से जूझ रहे हैं वहीं रायपुर समेत कई कालेजों में अतिरिक्त चिकित्सा शिक्षक अपनी पहुंच के दम पर सेवा दे रहे हैं। रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज के मेडिसीन, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, पैथोलॉजी, निश्चेतना में 1-1 तथा रेडियो डायग्नोसिस विभाग में 2 अतिरिक्त प्राध्यापक अपनी सेवा दे रहे है। जानकार लोगों का कहना है कि इन चिकित्सा शिक्षकों को अगर दूसरे शासकीय कालेजों में पदस्थ किया जाता है तो काफी हद तक समस्याओं को दूर किया जा सकता है।

### बारिश के पहले बड़े नालों की सफाई करने के निर्देश

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को जोन-10 कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि बारिश का सीजन शुरू होने से पहले जोन क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर सभी बड़े नालों को साफ करें, ताकि बारिश के दिनों में नालों के कारण लोगों को किसी भी प्रकार से परेशानी ना हो। बैठक में निगम जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू, एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, जोन अध्यक्ष सचिन बी मेघानी, पार्षद गायत्री नौरंगे पिंकी सहित निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। महापौर ने बैठक में पेयजल, स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

MDHL_BHOOMI_11_2025-03_Layout 1 5/10/2025 11:52 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### दसवीं का परिणाम 87 %, छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कुल 45 विद्यार्थियों में से 39 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा। विद्यालय की होनहार छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया, जिनमें उर्वशी साहू 549 अंक (91.5 प्रतिशत), माधुरी साहू 537 अंक (89.5 प्रतिशत), लीना साहू 530 अंक (88.33 प्रतिशत), संध्या पटेल 515 अंक (85.83 प्रतिशत), वेदकुमारी निषाद 501 अंक (83.5 प्रतिशत) शामिल है। विद्यालय के प्राचार्य भारत साहू एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदर साहू ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष जताया।



### एनएचएम कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर महासमुंद पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें संविलियन एवं स्थाईकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्यमूल्यांकन सीआर व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन बृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकम्पा न्युक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा, समय पर नियमित वेतन की भुगतान आदि मांग शामिल है।

### कक्षा बारहवीं में लीना का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद



उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उमावि में अध्ययनरत छात्रा लीना यादव पिता सुखदेव यादव ने कक्षा 12वीं (कॉमर्स) में 92.2 प्रतिशत लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त किया है। शाला के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, उपप्राचार्य चमन लाल चंद्राकार, शाला के समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।

## आयोजन: विप्र समाज कोमाखान का 30वां उपनयन सम्मेलन हुआ

# 14 बटुकों को उपनयन संस्कार के साथ दिया गया प्रमाण पत्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

सर्व ब्राह्मण समाज के बैनर तले कोमाखान के विप्र भवन में 30वां उपनयन संस्कार में 1015 बटुकों को अब तक संस्कारित करते हुए समाज सेवा के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व ब्रह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, विशिष्ट अतिथि मां बसंत पंडा पूर्व सांसद उड़ीसा, प्रांतीय युवा सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष स्वप्निल तिवारी, संरक्षक डा विश्वनाथ पाणिग्रही, गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, बागबाहरा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रो हरीश पाण्डे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव उपाध्याय ने की।

स्वागत भाषण में सचिव डॉ विजय शर्मा ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किस तरह समाज को एकत्र कर ब्राह्मण के महत्वपूर्व संस्कार को निरंतर 30 वर्षों से संपन्न कराते आ रहे है। अब तक 1015 बटुकों को संस्कारित कर ब्राह्मणत्व कर्म उपासना के साथ चारित्रिक निर्माण करते हुए सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सामूहिक उपनयन विवाह संस्कार का आयोजन प्रयोजन के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष मिश्रा समाज के लिए किए जा रहे षड्यंत्र पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ब्राह्मण अपनी रक्षा के लिए सक्षम है, हम शास्त्र में भी निपूर्ण है और शास्त्र में हमें कोई चुनौती देता है तो धोखे में न रहे, हम पहले भी सक्षम थे, हैं और रहेंगे। उन्होंने जय घोष के साथ शंखनाद किया। विशिष्ट अतिथि मां बसंत पंडा ने कोमाखान ओडिशा तटवर्ती सांझा संस्कृति में कोमाखान ब्राह्मण समाज द्वारा निरंतर किए जा रहे प्रयासों को अनुकरणीय बताते हुए ब्राह्मणों को दस संकल्प याद दिलाए, जिससे समाज में वसुदेव कुटुंबकम्‌ की भावना से मानव कल्याण हो सके। उन्होंने दो छोटी कहानियों के माध्यम से समाज की त्याग तपस्या को उद्धत किया। स्वप्निल तिवारी ने समसामयिक घटनाओं का जिक्र करते हुए सामाजिक कर्तव्यों, सामाजिक एकता अखंडता से राष्ट्रीयता पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। संरक्षक, पर्यावरण प्रेमी डा विश्वनाथ पाणिग्रही.ने भगवान परशुराम के शौर्य, साहस, वीरता एवं नीति का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि अन्याय आतंक एवं अत्याचार को समूल नष्ट करने के लिए परशुराम नीति जानी जाती है। 22 मार्च को पहलगाम में घटित दुर्दांत आतंकवादी घटना में लिप्त आतंकवाद, आतंकवादी एवं उनके आकाओं को जड़ समेत नष्ट करने परशुराम नीति के तहत कार्रवाई करने की बात आई तथा चरितार्थ भी हुई हमारी वीर सेना ने पूरे सूझबूझ, साहस एवं पराक्रम के साथ आतंकवाद को उनके घर में घुसकर मारा। यह हमारे लिए गर्व की बात है। हम सेना की वीरता एवं अदम्य साहस का अभिनंदन करते हैं।

### मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान

बाल पत्रकार ऐश्वर्या ने दो दिवसीय कार्यक्रम का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मेघावी विद्यार्थी सम्मान पत्र, मेडल से सम्मानित किया गया। बाल पत्रकार ऐश्वर्या, लक्ष्य तिवारी 96 प्रतिशत, प्रियांशी तिवारी 95 प्रतिशत, आदेश राज्यस्तरीय कुश्ती, आयुष बाजपेई बांसुरी वादक, आरबी उपाध्याय 96 प्रतिशत, मनीषा मिश्रा, तनीषा मिश्रा, अंजलि तिवारी, कथा वाचिका सुधा शर्मा, हिरेंद्र उपाध्याय उपसरपंच, जितेंद्र खरे पंच, पत्रकार दिलीप शर्मा, पत्रकार भास्कर राव, योगेश शर्मा, दुर्गा मिश्रा, मदन मिश्रा, मोतीलाल तिवारी, नितिन शास्त्री, सुरेंद्र तिवारी, चंचल तिवारी को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पंडित कीर्ति शर्मा एवं सहायक आचार्य अनिल द्विवेदी, क्रांति तिवारी, टिकेश्वर उपाध्याय, जितेंद्र खरे, राजा शर्मा, देव प्रसाद तिवारी, चेतन पांडे द्वारा 14 बटुकों के संस्कार के साथ प्रमाण पत्र दिया गया। मंच में समाज के बुजुर्गों कर्णधार हलधर मिश्रा, शारदा पांडे, रेखा उपाध्याय, लता तिवारी, हरिभल्लभ शर्मा, दानवीर शर्मा, रामगोपाल दीवान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफलता के लिए महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सीमा बाजपेई, युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा की पूरी टीम, सतीश बाजपेई की टीम ने सफल बनाया। अध्यक्ष शिव उपाध्याय द्वारा आभार प्रदर्शन किया। संचालन रूपेश तिवारी एवं भास्कर राव ने किया।

# नवविवाहिताओं को जल्द मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवविवाहित महिलाएं जो महतारी वंदन योजना के लिए पात्र हैं उन्हें भी जल्द महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। इस संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की नवविवाहित से वादा किया है कि जल्द ही उन्हें भी महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। हमारी सरकार ने जो कहा है वो करके दिखाया है इसलिए यह घोषणा भी जल्द ही अमल में लाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़



करने के लिए महतारी वंदन योजना चलाया जा रहा है। यह हमारे चुनावी घोषणा पत्र में था, जिसे मोदी की गारंटी के तहत पूरा करते हुए मार्च 2024 से योजना का लाभ प्रदेश की महिलाओं को मिल रहा है। इसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जो सतत रूप से जारी है। अब और नए हितग्राही इस योजना से जुड़कर इसका लाभ ले सकते हैं।

### मुख्यमंत्री साय ने की घोषणा

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को अचानक मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम माथमौर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने चौपाल लगाई और शासकीय योजनाओं पर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही नवविवाहित महिलाओं को भी महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाएगा, ताकि वह भी आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

### अंतिम व्यक्ति तक मिल रहा लाभ

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। योजना चाहे केंद्र की हो या राज्य की प्रत्येक योजना का लाभ दिलाने में सरकार जुटी हुई है। इसलिए सुशासन तिहार के माध्यम से खुद मुख्यमंत्री जनता से मिल रहे हैं। वह प्रत्येक योजना की जानकारी ले रहे हैं। साथ ही जनता की समस्याओं से भी जुड़कर उनका समाधान कर रहे हैं।

## देवार डेरा के बोरवेल में डाला गया नया पंप



**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित देवार डेरा में भीषण गर्मी को देखते हुए बोरवेल में मोटर पंप डाला गया। जिसका बटन दबाकर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद सीता डोंडेकर व पूर्व पार्षद मीना वर्मा ने शुभारंभ किया। बोर में नए पंप से आसपास निवासरत लोगों को पानी उपलब्ध हो पाएगा। लोगों को सुझाव दिया गया कि पानी की बर्बादी न करे, जब पानी की जरूरत हो तभी बोर चालू करें।

# शिविर में गोदभराई एवं अन्नप्राशन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद पंचायत बसना अंतर्गत बड़ेसाजापाली में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम भी संपन्न हुए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग बसना द्वारा गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक रूप से गोद भराई तथा 06 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार का कार्यक्रम कराया गया। इस अवसर पर डिलेश्वरी निराला अध्यक्ष जनपद पंचायत बसना, मोहित कुमार पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बसना, टिकेलाल साव सांसद प्रतिनिधि, सरपंच बड़ेसाजापाली, मनोज खांडे अनुविभागीय अधिकारी (रा.), पीयूष सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राम सिंग मिरी परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अन्य जनप्रतिनिधि एवं समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पीएमश्री सेजेस में लॉटरी पद्धति से हुआ चयन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



पीएमश्री सेजेस बसना में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नवीन प्रवेश की प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार हुई। लॉटरी पद्धति से चयन की यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी वातावरण में की गई, जिसे उपस्थित पालकों व अधिकारियों ने सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य केके पुरोहित के मार्गदर्शन में संपूर्ण लॉटरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से पूरी की गई। लॉटरी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, विकासखंड स्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा, एसएमडीसी अध्यक्ष एलएन भोई एवं सदस्य, शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला बसना के प्राचार्य एसके पटेल, चयन के लिए गठित ब्लॉक की टीम एवं बड़ी संख्या में पालकगण भी उपस्थित थे। पालकों की उपस्थिति में हुई इस पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया में कक्षा पहली हेतु 50 सीटों, कक्षा चौथी के लिए 1 सीट एवं कक्षा सातवीं के लिए 1 सीट के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हर वर्ष की तरह निष्पक्षता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दिया गया, जिससे पालकों ने प्राचार्य पुरोहित एवं लाटरी प्रक्रिया में सम्मिलित शिक्षकों की खूब सराहना करते हुए हर्ष व्यक्त किया। चयनित विद्यार्थियों की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है। सभी चयनित विद्यार्थियों को 15 मई 2025 तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश सुनिश्चित करना अनिवार्य है।


### कुसमी में चारागाह की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण

**कोमाखान।** ग्राम पंचायत कुसमी में चारागाह की शासकीय भूमि आज पूरी तरह से अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है। ग्राम के ही कई लोगों ने वहां मकान ब्यारा तो किसी ने बाड़ी का निर्माण कर लिया है। जबकि, अभी कई मकान निर्माणाधीन है। ग्रामीणों ने चारागाह की भूमि से अतिक्रमण हटाने ग्रामवासियों ने क्रमशः कलेक्टर महासमुंद, एसडीएम बागबाहरा के अलावा तहसीलदार को आवेदन दिया गया है। जिस पर एसडीएम ने तहसीलदार को कार्रवाई करने निर्देश दिये थे। परंतु, 8 माह बीत जाने के बाद भी इस पर कार्रवाई नहीं की गई। परिणाम स्वरूप अतिक्रमणकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं। वहीं, प्रशासन द्वारा आज पर्यंत कार्रवाई नहीं किए जाने से ग्रामवासियों में आक्रोश पनपने लगा है। उधर, ग्रामीणों ने कहा है कि आगामी कुछ दिनों के भीतर अवैध कब्जेधारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से कुसमी के लोगों का एक प्रतिनिधि मंडल शीघ्र राजधानी जाकर राजस्व मंत्री से भेंट कर कब्जेधारियों के खिलाफ कार्रवाई करने गुहार लगायेगा।

# हायर सेकंडरी के छात्रों ने मारी बाजी

**अमेरा।** शिवा पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल, छेरकापुर के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।

कक्षा 10वीं में याचना कन्नौजे ने 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संकुल स्तर



पर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतिभा रजक ने 89.5 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राधिका कुर्रे ने 82.5 प्रतिशत और ज्योति रात्रे ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया। कक्षा 12वीं में भी छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। तृप्ति साहू ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तुषार वर्मा ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर





द्वितीय स्थान हासिल किया। रेणुका खेलवारे ने 82.8 प्रतिशत और प्रिया बंजारे ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, एबीओ सतीश महेश्वरी, शिवा शिक्षण समिति के अध्यक्ष टामनलाल कन्नौजे, सदस्य नीलकमल कन्नौजे, ऋषिकेश कन्नौजे, प्राचार्य श्रवण धीवर एवं शिक्षकगण राजेन्द्र तिवारी, ममता कन्नौजे, शशि पटेल, मनोज ध्रुव सहित समस्त स्टाफ ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी।

# वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों के लिए सीएम को पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

## मुख्यमंत्री ने पार्षद भाऊराम साहू को सभी कार्यों की स्वीकृति का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व वार्ड क्र. 25 डा. राधाकृष्णन वार्ड के पार्षद भाऊराम साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर वार्ड में विभिन्न कार्यों की मंजूरी के लिए ज्ञापन सौंपा। साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके वार्ड क्र. 25 में गरीब तबके लोग निवासरत हैं। वार्ड शासकीय भूमि पर गरीब परिवारों के प्रधानमंत्री आवास बनाकर उनके लिए पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराया जा सकता है। जिसके लिए स्वीकृति देने का निवेदन किया। इसके अलावा वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों व मांगों से भी उन्हें अवगत कराया। पार्षद भाऊराम ने सीएम को बताया कि वार्ड 25 में स्थायी आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केंद्र, सड़क, नाली, पेयजल के लिए बोर खनन एवं ओवर हेड टंकी निर्माण की आवश्यकता है। साथ ही वार्ड में हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट, गरीब परिवारों को भूमि स्वामी पट्टा प्रदान करने, सार्वजनिक शौचालय, वार्ड के चौक-चौराहों पर रंगमंच बनाने संबंधी आवेदन मुख्यमंत्री को सौंपा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पार्षद साहू द्वारा की गई सभी मांगों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने आश्वस्त किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, कलेक्टर विनय लंगेह सहित बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### मौके पर ही ..

किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, जिला पंचायत सदस्य अमर मंडावी, सरपंच अनूप साहू, निपनिया सरपंच नरेश नेताम, नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल, जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा सहित ग्राम सचिव मनीष दुबे, सरपंच मनोज शर्मा सहित विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### प्रदेश सरकार का ...

स्पेयर किसान क्रेडिट कार्ड, पंचायत ग्रामीण विभाग द्वारा आवास की चाबी स्वीकृति पत्र, खाद्य विभाग ने राशन कार्ड, मत्स्य विभाग मछली जाल आईस बॉक्स का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एस डी एम दीपक निकुंज, तहसीलदार, जनपद सी ई ऑ पन्ना लाल ध्रुवे, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, जिला, मंडल अध्यक्ष पलारी पवन वर्मा, अध्यक्ष सहकारी समिति दतान कृष्ण कुमार वर्मा सहित सरपंच पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन ने ...

वाले सभी व्यक्तियों—चाहे वे परिजन हों, टेंट-साउंड वाले हों या बाराती—उन्हें भी दंड का भागीदार माना जाएगा। टीम ने उपस्थित जनसमुदाय को कम उम्र में विवाह से होने वाले सामाजिक व आर्थिक दुष्परिणामों के प्रति भी जागरूक किया और अपील की कि किसी भी संकटग्रस्त बालक के विषय में 24×7 संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर तत्काल सूचना दें ताकि समय रहते सहायता की जा सके। इस कार्रवाई में जिला बाल संरक्षण इकाई से प्रकाश दास, अर्चना वैष्णव, विवेकानंद वैष्णव, एकीकृत बाल विकास परियोजना से ललिता मिश्रा, प्रमिला वर्मा, सुश्री वंदना बड़ा, सुश्री तारिणी साहू तथा निपनिया चौकी की पुलिस टीम शामिल रही।

### सहायक शिक्षक के...

अपात्र व्यक्तियों का नाम भी सम्मिलित हो जाता है, जिस वजह से पात्र योग्यताधारी अभ्यर्थियों का नाम काउंसिलिंग में शामिल नहीं हो पाता। उक्त संबंध में आज जिले के डीएड अभ्यर्थिगण विधायक इंद्र साव के समक्ष उपस्थित होकर काउंसलिंग 1:2 में कराये जाने का मांग पत्र प्रस्तुत किये।

उक्त संबंध में विधायक श्री साव ने कहा कि आपकी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को पत्राचार कर उनके समक्ष बात रखने का आश्वासन दिया, ताकि निर्धारित समय सीमा में शेष भर्ती प्रक्रिया को पूरी की जा सकें। उक्त अवसर पर काफी संख्या में डी. एड अभ्यर्थी गण उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्यों ने किया रक्तदान

**खरोरा।** विश्व रेड क्रॉस दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में आयोजित रक्तदान शिविर में समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्यों ने अपना योगदान देते हुए रक्तदान किया। इसमें ग्राम कोटा निवासी भाई सुशील साहू एवं ग्राम खपरीकला निवासी भाई ओंकार पटेल ने शिविर में अपना रक्तदान किया। संस्था अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान ने इन सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा आम जनों को भी रक्तदान करने हेतु अपील की।

### होशिल ने पांचवी में हासिल किया उत्कृष्ट अंक



**खरोरा।** स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मिडियम स्कूल, केसला में पढ़ रहे होशिल चौहान ने कक्षा पांचवीं में 91.5 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने उत्कृष्ट अंक हासिल कर गुरुजनों और माता-पिता का मान बढ़ाया है।

### हथबंद हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम उत्कृट



हथबंद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 12वीं का परिणाम 93 प्रतिशत तथा हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 10वीं का 80 प्रतिशत रहा। 12वीं में 80 छात्र तथा 10वीं में 58 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम दोनों बोर्ड का रिजल्ट 100 प्रतिशतरहा। कक्षा दसवीं बोर्ड में छात्रा नेहा पिता कमलनारायण साहू ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन की। सद्भावना मंच के अध्यक्ष मुबारक हुसैन ने छात्रा के घर जाकर सम्मानित किया। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्य चंद्र कुमार नायक, सरपंच ढालेश्वरी अनंत, शाला विकास समिति की अध्यक्ष विद्या वर्मा ने प्रसन्नता प्रकट की है।

### शहर से लगे ग्राम बेमचा में लगा समाधान शिविर

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणजनों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में राज्य शासन के जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विकासखंडों में तिथिवार शिविरों में आमजनों की समस्याओं के आवेदन लेने के साथ निराकरण भी किया जा रहा है। समाधान शिविर में पहुंचे क्षेत्रिय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला कलेक्टर लंगेह, जनप्रतिनिधिगण ऐतराम साहू, रोहित चंद्राकर, रमेश साहू, हुलसी चंद्राकर का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते सरपंच देवेंद्र चंद्राकर इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### 12 को गट्टासिल्ली और 13 को मोहेरा में समाधान शिविर

**धमतरी।** नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली में 12 मई को और मगरलोड विकासखंड के मोहेरा में 13 मई को समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में लोगों को उनके आवेदनों पर की गई कार्रवाई, मांगों की पूर्ति और समस्याओं पर किए गए समाधान की जानकारी विभागवार, ग्राम पंचायतवार दी जाएगी। मुनादी कराकर लोगों को सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

# सुशासन तिहार सिर्फ भाजपा सरपंचों के क्षेत्रों में, कांग्रेस को किया जा रहा दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व कृषि ऊपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार को जनता जनार्दन के साथ एक ढकोसला बताया है। उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा किए गये झूठे वायदों एवं जन समस्याओं के निराकरण हेतु पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इस तिहार में ग्रामीण जनता को भ्रमित कर जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के अधिकारीगण बुला रहे हैं। समस्याओं के निराकरण की जगह सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। समस्याओं के निराकरण करने में अधिकारी और भाजपा नेताओं की दिलचस्पी दिखाई नहीं दे रही है। सिर्फ अपना स्वागत और झूठी तारीफ करवाकर मुख्यमंत्री का यशोगान अधिकारी कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के सरपंचों को मंच से दरकिनार किया जा रहा, उनके गांव की समस्याओं को दरकिनार किया जा रहा है, जहां-जहां भाजपा समर्थित सरपंच जीते हैं उन्हीं बड़े गांवों में शिविर का आयोजन कर आसपास के लगभग 12 गांवों के ग्रामीणों को समस्याओं के तत्काल निराकरण करने आमंत्रित किया जा रहा है। भाजपा नेताओं को महिमा मंडित करने वाले अधिकारी और कर्मचारी इस बात का विशेष ध्यान रखे कि सरकार आती और जाती रहती है।

**प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने प्रदेश सरकार पर लगाया आरोप**

#### विकास कार्यों की फर्जी घोषणा की जा रही

सुशील शर्मा ने कहा कि राज्य में सत्तासीन भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री सहित भाजपा नेताओं द्वारा गांव-गांव में शिविर में जाकर विकास कार्यों की फर्जी घोषणा कर अपनी वाहवाही लूटने में मदमस्त है। जनता जनार्दन के सुविधा के लिये सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं सहित मनरेगा कार्य, निराश्रित, आवास निर्माण, पानी हेतु बोर खनन, जीर्ण शीर्ण सड़कों का नव निर्माण, ग्रामीण खिलाड़ियों के लिये स्टेडियम निर्माण, ग्रामीण शिक्षित युवाओं और युवतियों के लिये रोजगार उपलब्ध करने सहित सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिले, पशुओं के लिये चारागाह निर्माण, पुराने तालाबों का सौंदर्यकरण और गहरीकरण करने जैसे ज्वलंत समस्याओं का निराकरण की बात नहीं कर सिर्फ भाजपा के मुख्यमंत्री और नेताओं को महिमा मंडित करने में शासन के अधिकारी लगे हुए हैं।

#### कांग्रेस विधायक को भी नहीं दी जा रही सूचना

कांग्रेस के विधायक इंद्र साव और किसी भी कांग्रेसी वरिष्ठ नेताओं को सूचना भी नहीं दी जा रही है। ऐसा मनमानी और तानाशाही कर सुशासन तिहार के नाम पर अपनी धपली अपना राग की कहावत को भाजपा सरकार चरितार्थ कर रही है। ये भाजपा सरकार जनता जनार्दन की गाढ़ी कमाई को सरकारी खजाने से करोड़ों खर्चा कर धनराशि का अपव्यय कर रही है। अधिकारी शिविर के नाम पर भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार कर रहे हैं, लाखों की संख्या में समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदनों का आना सरकार के अधिकारियों और राज्य सरकार की उदासीनता और अकर्मण्यता को प्रदर्शित करता है।

### कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का भव्य आयोजन झूम उठा जायसवाल परिवार

# रूक्मिणी-कृष्ण विवाह : श्रद्धालुओं ने बाजे-गाजे की धून पर निकाली बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गणमान्य नागरिक ओम प्रकाश जायसवाल के निज निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की बारात बलौदाबाजार थाना परिसर स्थित शिव मंदिर से गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच निकाली गई, जिसमें पूरा जायसवाल परिवार झूमता नजर आया। जिला पंचायत अध्यक्ष अकांक्षा गोलू जायसवाल ने इस आयोजन को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बताया।

उन्होंने कहा, श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन एक अत्यंत महत्वपूर्ण और फलदायी कार्य है। इससे ज्ञान और भक्ति की प्राप्ति के साथ-साथ समाज में शांति और सद्भाव बढ़ता है। मैं इस कथा के माध्यम से सम्पूर्ण जिलेवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करती हूं।इस आयोजन में जायसवाल समाज सहित विभिन्न समुदायों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रमुख रूप से आयोजक ओमप्रकाश जायसवाल, प्रतिमा चितावर जायसवाल, जया आशीष जायसवाल, आकांक्षा अमित गोलू जायसवाल, पार्वती देवी, रामेश्वरलाल जायसवाल, अनुसूया देवी, नारायण प्रसाद जायसवाल, कमला देवी, लखनलाल जायसवाल, मनीषा देवी, गणेश प्रसाद जायसवाल सहित आदि उपस्थित रहे।



#### आकर्षक वेशभूषा और सजीव झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

विशेष रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष अकांक्षा गोलू जायसवाल भी भगवान श्रीकृष्ण की बारात में भावविभोर होकर नाचती दिखीं। कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की झांकी और विवाह की विधिवत रस्मों ने पूरे आयोजन को दिव्यता प्रदान की। कथा के आठवें दिन कथा वाचक पं. शत्रुघ्न प्रसाद पांडे ने उद्धव चरित्र, महारास लीला और रुक्मिणी विवाह की गाथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से पति रूप में प्राप्ति की इच्छा की थी, जिसे पूर्ण करने हेतु श्रीकृष्ण ने शरद पूर्णिमा की रात यमुना तट पर महारास रचाया। रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को पराजित कर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका लाकर विधिवत विवाह किया। इस अवसर पर बालिकाएं कुमारी बेबी जायसवाल ने श्रीकृष्ण और कुमारी मौली जायसवाल ने रुक्मिणी की भूमिका निभाई। आकर्षक वेशभूषा और सजीव झांकी ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्ति संध्या के अंतर्गत संगीतमय भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



# पीएम श्री स्वामी आत्मानंद का परिणाम रहा उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शैक्षिक सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम उत्तम रहा। इसमें हायर सेकंडरी का परिणाम 92 प्रतिशत रहा तथा हाई स्कूल का परिणाम 90 रहा।



विद्यालय के हायर सेकंडरी परीक्षा में प्रावीण्य स्थान प्राप्त छात्र तोपेश्वर मिश्र गणित संकाय जिनकी मर्चेंट नेवी में सेवा देने का उद्देश्य है। उन्होंने 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान प्राप्त पुष्पांजलि वर्मा जीव विज्ञान संकाय में 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है, जिनका की आगे चलकर चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टर बनने का ध्येय है। तृतीय स्थान लिशा टंडन वाणिज्य संकाय में 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है जिनका आगे चलकर बैंकिंग में आगे अपना भविष्य देखती है।

इसी प्रकार हाईस्कूल परीक्षा में रोमित कन्नौजे ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है जिनका की डॉक्टर बनने की इच्छा है, द्वितीय स्थान हेमेश साहू जो की इन्जीनिर बनना चाहते हैं ने 94.3 प्रतिशत अंक हासिल किया, तेजश्वनी भार्गव ने 92 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जो कि भारतीय नौसेना में सेवा देना चाहती हैं।

इस वर्ष विद्यालय प्रशासन के निर्देशानुसार कक्षा 5 वी एवं 8 वी में भी केद्रिकृत परीक्षाओं का आयोजन किया गया, जिसमे परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिसमे की कक्षा 5वी में प्राची गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, महक यादव ने द्वितीय स्थान एवं गौरव वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं। इसी प्रकार 8वी कक्षा में डोलसी वर्मा ने प्रथम स्थान, ज्योति साहू एवं उर्वी साहू ने द्वितीय स्थान तथा खनक मंजरे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने सभी प्रावीण्य छात्रों को बधाई दी

## महिलाओं को कराया गया रोगानुसार योगाभ्यास



**भरुवाडीह/सैहा/गुमा।** अंचल के ग्राम रावन स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में आयुष आरोग्य मंदिर के तत्वावधान में योग सत्र का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में महिलाओं को रोगानुसार योग अभ्यास कराया गया।

गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए शीतली एवं शीतकारी प्राणायाम का अभ्यास विशेष रूप से कराया गया। प्रशिक्षक ने इन प्राणायामों की विधियों, लाभों एवं सावधानियों की विस्तृत जानकारी भी दी।

कार्यक्रम में पंच इंद्राणी वर्मा, पंच चंद्रिका वर्मा, विक्रम वर्मा, दुलारी वर्मा, संतोषी वर्मा, उषा वर्मा और जागेश्वरी व अन्य ग्रामीण महिलाओं की उपस्थिति रही। सभी ने योगाभ्यास में सक्रिय भागीदारी निभाई और नियमित योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।

## आयुष्मान समिति का पौधारोपण अभियान जारी, लोग हो रहे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम सुहेला में आयुष्मान समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल की जा रही है। समिति द्वारा निरंतर पौधारोपण कार्य किया जा रहा है और ग्रामीणों को भी पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। समिति का मानना है कि पौधारोपण से न केवल प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकता है, बल्कि जल संकट जैसी गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान भी संभव है।

अभियान के अंतर्गत ग्राम सुहेला के विभिन्न चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया गया है। समिति ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने जन्मदिन, विवाह, सालगिरह जैसे विशेष अवसरों पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं और पर्यावरण सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभाएं।



समिति के सदस्यों ने बताया कि अब तक गांव में 1200 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं और यह अभियान निरंतर जारी है। आयुष्मान समिति ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर इस मुहिम को सफल बनाने की अपील की है।

## मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने किया सीता नवमी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा कोकरी रोड स्थित राम शिव मंदिर में सीता नवमी पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में नगर की मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बाल संस्कार सह प्रमुख टिकेश्वरी पटेल रहीं, जिन्होंने माता सीता के जीवन चरित्र, उनकी मर्यादा, त्याग, समर्पण एवं आदर्श नारीत्व के विविध पक्षों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने सीता माता को भारतीय नारी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।



कार्यक्रम में जिला संयोजिका आरती सराफ, जिला सह संयोजिका लता सोनी, शांति साहू, रानी भट्ट, संगीता साहू, सुधा गुप्ता, आरती गुप्ता, मंजू सोनी, शारदा विश्नोई, शारदा यादव, खुशबू सोनी, शशि केसरवानी, स्वेता, कमला वर्मा, मुस्कान नामदेव, जानकी साहू, लक्ष्मीरानी सहित अनेक मातृशक्ति की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ तथा भारत माता की आरती के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा।

अंत में सभी उपस्थितजनों को भोग एवं प्रसाद का वितरण किया गया। यह आयोजन सभी के सहयोग से अत्यंत सफल और अनुशासित रूप से संपन्न हुआ, जिसमें राष्ट्रभक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिकता का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

### विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आयोजित किया बाल व्यक्तित्व विकास शिविर

# बच्चों ने सीखा अनुशासन, भय से मुक्ति पाने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन





प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, हिरमी द्वारा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन 3 से 9 मई तक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञानोदय स्कूल के प्राचार्य पीआर वर्मा और ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा किया गया, जहां पीआर वर्मा ने बच्चों से शिविर में ध्यान से सभी बातों को सुनकर उन्हें जीवन में आत्मसात करने की अपील की। सात दिवसीय इस बाल व्यक्तित्व विकास शिविर में बच्चों के लिए जीवन मूल्यों से परिपूर्ण, प्रेरणादायक सत्रों मेमोरी पावर कैसे बढ़ाएं, सहयोग, अनुशासन, राजयोग से संपूर्ण स्वास्थ्य, भय से कैसे मुक्ति पाएं, आंतरिक शक्तियों को कैसे बढ़ाएं का आयोजन किया और उन्हें अपने जीवन में नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। बीके प्रीति द्वारा प्रतिदिन बच्चों को म्यूजिकल एक्सरसाइज और सारे विश्व के कल्याण अर्थ वैश्विक प्रार्थना करवाया गया। इसके अतिरिक्त उनके लिए चित्र देखों कहानी लिखो प्रतियोगिता, वाद–विवाद, वर्कशॉप, वैल्यू गेम्स आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। तिल्दा की अदिति वर्मा ने बच्चों को क्राफ्ट पेपर वर्क सिखाया। शिविर के समापन समारोह के अवसर पर पंच, वार्ड 1 लक्ष्मी मुकेश सिन्हा ने अपने वक्तव्य से बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। बीके सरस्वती ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की और अपने माता पिता, समाज और देश का नाम रौशन करने की प्रेरणा दी। बीके प्रीति ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया।

## 10वीं में चंद्रवीणा और 12वीं में दीपमाला प्रथम

**अमेरा।** कृष्णा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेरा का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष उल्लेखनीय रहा। कक्षा 10वीं का परिणाम 78.78 और कक्षा 12वीं का परिणाम 85.71 प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।



कक्षा 10वीं में चंद्रवीणा पटेल ने 92.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्वेता देवांगन ने 86.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और समीर कुमार साहू ने 80.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं कक्षा 12वीं में दीपमाला पिता अमरनाथ पटेल, ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान के साथ-साथ जिला स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया। महेश्वरी जोशी, पिता मनमोहन जोशी, ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय एवं जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया। भूमिका यादव ने 88.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान अर्जित किया। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर संस्था की संचालिका संध्या धर्मेंद्र पटेल, प्राचार्य गायत्री उपाध्याय तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।